Twentyby30
Accelerating Sustainability

# NEWS

**Crown ट्वेन्टीबाय30 प्रोग्राम**
त्रिमासिक आंतरिक न्यूज़लेटर

**प्रकाशन 2 : मई 2022**

**नेतृत्व का दृष्टिकोण**

हमारे त्रिमासिक संधारणीयता न्यूज़लेटर के दूसरे प्रकाशन में आपका स्वागत है। 2021 में हम साल समाप्त कर रहे हैं उस दौरान हमने कई नये कदम उठाए हैं जिन्होंने हमारे **ट्वेन्टी**बाय**30** के संधारणीयता लक्ष्यों की दिशा में हमारी प्रगति की सहायता की है। इस लक्ष्यांक को और ऊँचा करने के इरादे से, हमने जलवायु संबंधी कार्रवाई जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अपने लक्ष्य अद्यतन किए हैं और नये वैश्विक पुनर्चक्रण लक्ष्य स्थापित किए हैं, ताकि एक वैश्विक टीम के रूप में हम और भी तेजी से, व्यूहात्मक रूप से और प्रभावी ढंग से काम कर पाएं। यह ऐसी सोच है जो हमें विकास के लिए उत्तरदायी रखती है, आपके और अन्य हितधारकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है और उद्योग की कार्रवाई की गति निर्धारित करने में सहायता करती है।

जहाँ ये महत्वाकांक्षी लक्ष्य भविष्य पर केन्द्रित हैं, यह नोट करना भी महत्वपूर्ण है कि हमने पिछले कुछ वक्त में प्रभाव उत्पन्न किया है। इस न्यूज़लेटर में उन हाइलाइट्स में से कुछ साझा की गई हैं, जिनमें प्रादेशिक उपलब्धियाँ भी शामिल हैं जो प्रेरणा के रूप में काम कर सकती हैं और रोमांच पैदा कर सकती हैं, नयी कॉर्पोरेट स्तर की पहलें, जिन्होंने पिछले कई महीनों में गति पाई है और तीसरे पक्ष द्वारा स्वीकृति जो हमारे मौजूदा ढंग का सत्यापन करती हैं।

चाहे गतिविधियाँ प्लांट में हो रही हों - या मुख्यालय के स्तर पर, बस शुरू हो रही हों या तेज़ी पकड़ रही हों, हम पूरी कंपनी में की जा रही प्रगति के बारे में नियमित अपडेट्स प्रदान करते रहेंगे। न्यूज़लेटर के प्रकाशनों के बीच नवीनतम जानकारी पाने के लिए, हम आपको हमारी कोर्पोरेट वेबसाइट पर जाने और हमें LinkedIn पर फॉलो करने को प्रेरित करते हैं। हम इस प्रगति के चालक लोगों आप—की बात सुनना चाहते हैं—कि आप किस तरह से हमारे लक्ष्यों को उन्नत बनाने में सहायता कर रहे हैं ताकि हम यथासंभव सर्वाधिक ज़िम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक बन पाएं। आपकी प्रगति और आपके आइडिया sustainability@crowncork.com पर भेजें – और हो सकता है आप अपने काम को न्यूज़लेटर के किसी भावी प्रकाशन में देखें!

John Rost

CROWN
Brand-Building Packaging™

## Breaking News

**Investor's Business Daily शीर्ष 25 रैंकिंग:**
हमें *Investor's Business Daily* की 2021 की श्रेष्ठ ESG कंपनियों में नामित किया गया है और इस सूची में हम असामान्य पर्यावरण संबंधी, सामाजिक और प्रशासन (ESG) रेटिंग्स वाले शीर्ष 100 व्यवसायों की प्रतिष्ठित सूची में जुड़ रहे हैं। समग्र रूप से #24 की रैंक पर पहली बार सूची में शामिल होते हुए, हम उस औद्योगिकी वर्ग में शीर्ष पाँच संगठनों में एकमात्र पैकेजिंग कंपनी के रूप में भी थे।

**CDP जलवायु परिवर्तन नेता रैंकिंग:**
हमने विश्व के अग्रगण्य पर्यावरण प्रभाव लाभनिरपेक्ष संगठन, CDP की जलवायु परिवर्तन 2021 रिपोर्ट में "A-" रैंकिंग प्राप्त की, जिससे हम कार्यक्रम के शीर्ष "लीडरशिप" टियर का हिस्सा बन गए। इस ग्रेड के साथ हमने "B-" के वैश्विक औसत और हमारे उद्योग में समकक्ष समूह, जिसका औसत "C" रहा, उससे बेहतर निष्पादन किया।

**CDP 2021 आपूर्तिकर्ता शामिलगिरी लीडरबोर्ड रैंकिंग:**
CDP के वार्षिक जलवायु परिवर्तन आकलन के चलते उसने हमें "A" की आपूर्तिकर्ता शामिलगिरी रेटिंग (SER) भी प्रदान की, जिससे कि हमने 2021 के आपूर्तिकर्ता शामिलगिरी लीडरबोर्ड में शीर्ष स्थान अर्जित किया। इस स्कोर ने हमें विश्व भर की 11,400 ग्रेड की हुई कंपनियों के शीर्ष 8% में स्थान दिया।

**ब्राज़ील में ASI प्रमाणन:**
हमारे ब्राज़ील के प्रचालन हमारे वैश्विक नेटवर्क में एल्यूमिनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव (ASI) से दोहरा प्रमाणन पाने वाले प्रथम हैं। 2021 के बाद वाले हिस्से में, ब्राज़ील की सभी छह उत्पादन सुविधाओं ने एल्यूमिनियम के ज़िम्मेदारीपूर्ण उत्पादन, प्राप्ति और प्रबंधन की आवश्यकताओं को पूरा किया और ASI के निष्पादन मानक को पूरा किया। 2022 की पहली तिमाही में, Crown ब्राज़ील ने ASI चेन ऑफ़ कस्टडी (CoC) प्रमाणन हासिल किया जो ASI के निष्पादन मानक को पूरा करता है और हमारे ज़िम्मेदार प्राप्ति नीतियों, भ्रष्टाचार रोधी, मानव अधिकार सम्यक् तत्परता और घर्षण प्रभावित और उच्च जोखिम क्षेत्रों से जुड़े हमारे अनुपालन को मज़बूत बनाता है। ASI के आवश्यक मानदंडों को पूरा करने के अलावा ब्राज़ील की टीम ने जैव-विविधता और मानव अधिकार प्रभाव के आकलनों के आसपास किए जाने वाले काम को भी बेहतर बनाया है ताकि एक अधिक कर्तव्यनिष्ठ प्रणाली स्थापित की जा सके।

**मैक्सिको में ASI प्रमाणन:**
अपने ब्राज़ीलियाई सहकर्मियों जैसे प्रयासों की शुरूआत करते हुए, हमारे मैक्सिको स्थित बेवरेज कैन प्रचालन ने भी ASI निष्पादन मानक हासिल किया और हमारे **ट्वेन्टी**बाय**30** संधारणीयता प्रोग्राम के उद्देश्यों से खुद को संरेखित किया और मज़बूत कॉर्पोरेट प्रबंधन को हमारी प्रतिबद्धताओं पर ज़ोर दिया। मैक्सिको की टीम की उपलब्धि हमारे ग्राहकों की उनके अपने नैतिकतापूर्ण और ज़िम्मेदार प्राप्ति के लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता करती है। आगे: टीम ने अपनी नज़र को ASI CoC प्रमाणन को प्राप्त करने पर रखा है और इस समय प्रयास चल रहे हैं।

**मैक्सिको की पुनर्नवीकरण योग्य बिजली:**
सौर और वायु जनित बिजली के इस्तेमाल की उपलब्धि को हासिल करने के बाद हम अपने वैश्विक बेवरेज प्रचालनों के लिए 2022 में 40% पुनर्नवीकरण योग्य बिजली के हमारे लक्ष्य को पार करने के लिए सही राह पर हैं। 2020 में हम पहले मेटल पैकेजिंग निर्माता बने जो हमारे सभी यू.एस और केनेडा के बेवरेजिस के कैन के प्लांट्स में पुनर्नवीकरण योग्य बिजली का इस्तेमाल करते हैं। हमारी प्रगति मैक्सिको में बढ़ी है, और साथ ही हमारे अधिकतर बेवरेज कैन प्रचालनों को साल के अंत तक पुनर्नवीकरण योग्य बिजली से प्रचालित करने की योजना है। ये प्रयास हमें हमारे 2030 में 75% पुनर्नवीकरण योग्य बिजली और 2040 तक 100% पुनर्नवीकरण बिजली के इस्तेमाल के वर्तमान लक्ष्यों की दिशा में चालित करते हैं।

2022 © Crown Holdings, Inc.



साथ में काम करना

## हमारे लोगों को प्राथमिकता देना

**हमारे ट्वेन्टीबाय30 प्रोग्राम के वर्किंग टुगेधर (साथ मिलकर काम करना) पिलर उन लक्ष्यों पर ध्यान केन्द्रित करता है, जो एक सुरक्षित विविधतापूर्ण और समावेशन वाले कार्यस्थल को पोषण देने का काम करता है जहाँ नये आइडिया और नवाचार वाली सोच को प्रोत्साहन और पुरस्कार दिया जाए। उस लक्ष्य की दिशा में प्रगति करने के लिए हमने चार मुख्य लक्ष्यों की पहचान की है जो हमारी पूरी कंपनी में विविधता और समावेशन को बढ़ाते हैं:**

### D&I सजगता और श्रेष्ठ रीतियाँ

सभी नेताओं को प्रशिक्षण के अवसर दिए गए

- **D&I एम्बेसेडर्स** मास्टर क्लास (प्रशिक्षक को प्रशिक्षित करें)
- **D&I फाउंडेशंस** प्रोग्राम ताकि साइट में समावेशन शामिल किया जा सके
- **इन्क्लुज़न बूस्टर प्रोग्राम** ताकि मनोवैज्ञानिक सुरक्षा को बढ़ाया जा सके, छोटी आक्रामकत (माइक्रो-अग्रेशन) को रोका जा सके, आदि।

### एम्पलॉयर ऑफ चॉइस (पसंदीदा नियोक्ता)

प्रादेशिक लोगों की भर्ती का अभिगम ताकि लिंग और अल्पसंख्यक अनुपात को बेहतर बनाया जा सके

- **रिक्रूटमेंट वर्कशॉप** ग्रूप के HR समुदाय को उपलब्ध कराए जाएंगे
- मैनेजरों के लिए *काउंटरएक्टिंग अनकॉन्शियस बायस इन रिक्रूटमेंट* (भर्ती में बेइरादा पक्षपात को रोकना)
- ग्रूप स्तर पर **फॉरवर्ड इनिशिएटिव** लॉन्च किया जाएगा

### D&I मार्गदर्शन

D&I कंपनी के विस्तृत कार्यव्यू का दृश्यमान हिस्सा बना है

- Crown के **D&I सिद्धांत**
- मानव अधिकार नीति पर **सम्यक् तत्परता प्रक्रिया** (ASI आवश्यकता)
- डिवज़न की **D&I समितियाँ**

### सकारात्मक कार्यस्थल

समावेशन "सामान्य व्यावसायिक तरीका" बन जाता है

- महिला केन्द्री पहले (पॉडकास्ट सीरीज़, विमेन इन लीडरशिप ट्रेनिंग, मेंटोरशिप)
- **फ्लेक्सीबल वर्किंग** की दिशा में उठाए गए शुरुआती कदमों को तेज़ करना
- ग्रूप **D&I बेस्ट प्रेक्टिस अवॉर्ड**

***हम इस न्यूज़लेटर के भावी संस्करणों में इन लक्ष्यों के बारे में प्रगति के उदाहरण साझा करेंगे।***

## विश्वभर में हरित

**आप, विश्वभर के कर्चमारी अपने रोज़मर्रा के निर्णयों में संधारणीयता को समेकित करने के साथ-साथ हमारे निष्पादन को बेहतर और उच्चतर बनाने के लिए जो काम करते हैं वह हमारे लिए बहुमूल्य है।**

**हमारे हाल के चेयरमेन्स अवॉर्ड के विजेताओं के प्रयास हम जहाँ भी उपस्थित हैं उस पूरे क्षेत्र में किया जाने वाले ज़बर्दस्त काम और वैश्विक स्तर पर हमारी सफलता को तेज़ बनाने के लिए आवश्यक प्रतिबद्धता के कुछ ही उदाहरण हैं।**

### बांगी, मलेशिया - बेवरेज

हमारे प्रचालनों के प्रभाव को घटाए हुए वॉलेटाइल ऑर्गेनिक कम्पाउंड (VOC) निस्सारणों, जिन से कर्मचारियों की बेहतर सुरक्षा और ओज़ोन की परत की सुरक्षा प्रदान करके और बिजली और गैस की बचत प्रदान करके एन्वायरनमेन्टल सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड प्राप्त किया।

### ओवाटोना मिनेसोटा, फूड

अपने समुदाय को ऐसी गतिविधियों में शामिल करना जो अपने सदस्यों के कल्याण को बहुत बेहतर बनाएं, जिसमें रोज़गार के अवसर, बच्चों के लिए टॉय ड्राइव और संपर्क बढ़ाने के अन्य उदाहरण के लिए सोशल सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड प्राप्त किया।

### इज़मित, टर्की - बेवरेज

कर्मचारियों की बेहतर सुरक्षा के लिए सकारात्मक कार्य परिवेश और प्रचालनीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने, नये प्रशिक्षण के तरीकों को लागू करने, विषय संबंधी चर्चाओं और बेहतर सजगता ला कर, रिपोर्ट करने और सुधारात्मक कार्रवाइयाँ करने के लिए सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड प्राप्त किया।

### ब्राज़ील - डिविज़न

अपने सभी सात स्थानीय उत्पादन सुविधाओं में लैंडफिल में कोई कचरा न होने की स्थिति तक पहुँचाने के लिए घटाव, पुनरउपयोग और पुनर्चक्रण के अधिक प्रभावी तरीके बनाने और इस्तेमाल करने के लिए विशेष डिविज़नल एन्वारयनमेन्टल अवॉर्ड प्राप्त किया।






स्तंभ
स्पॉटलाइट:

# अनुकूलतम परिसंचरण

**हमारा अनुकूलतम परिसंचरण स्तंभ पूर्ण ईष्टतमीकरण की राह पर है। हाल ही में हमने इस अतिमहत्वपूर्ण क्षेत्र में अपना निवेश बढ़ाया है ताकि वास्तविक, ट्रैक करने लायक प्रगति प्रदान की जा सके। इस क्षेत्र में हमारी गतिविधियों को प्रोत्साहित क्यों करें? परिसंचरणीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने का मतलब है ऐसी कार्यनीतियों को कार्यान्वित करना जो ऊर्जा और संसाधन कार्यक्षमता, सामग्री पुनर्उपयोग और लैंडफ़िल के कचरों में कमी को प्रोत्साहन देते हैं। हमारे प्रोडक्ट्स से चक्र को पूरा करने से आने वाले वर्षों के लिए हमारे पर्यावरण और उद्योग की परिरक्षा में सहायता मिलती है, जिससे कि यह हमारे ट्वेन्टीबाय30 प्रोग्राम का सबसे महत्वपूर्ण पहलु बने।**

## ब्राज़ील में एव्री कैन काउंट्स अभियान

उद्योग का एव्री कैन काउंट्स संगठन हाल ही में ब्राज़ील तक विस्तारित किया गया है, जिसका लक्ष्य है बेवरेजिस के एलुमिनम केनों की ऊँची पुनर्चक्रण दर हासिल करना। Cada Lata Conta ("एव्री कैन काउंट्स" (हर कैन महत्वपूर्ण है) का पोर्चुगीज़ अनुवाद) जिसका नेतृत्व Abralatas ने किया है, नया राष्ट्रीय अभियान सार्वजनिक शिक्षा और अन्य गतिविधियों का इस्तेमाल करके उपभोक्ता बेवरेजिस के केनों को पुनर्चक्रित करने के बारे में जिस तरह से सोचते हैं उसमें परिवर्तन लाएगा। **लक्ष्य? ब्राज़ील की पहले ही प्रभावशाली पुनर्चक्रण दरों, जो कि 15 वर्षों में 95% से अधिक रही हैं, की प्रगति को बढ़ाना।**

## कैन कैप्चर अनुदान सहयोग

स्थानीय पुनर्चक्रण केन्द्रों में प्रक्रिया और निष्पादन को बेहतर बनाने के लिए Can Manufacturers Institute (CMI) के साथ हमारा काम तेज़ होता जा रहा है। आज तक, हमने पाँच कैन कैप्चर उपकरण अनुदानों का निधियन करने में सहायता की है, जो सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटीज़ - MRF) को इस्तेमाल किए जा चुके बेवरेजिस के कैन (यूज़्ड बेवरेज कैन्स UBC) को अन्य पुनर्चक्रण लायक सामग्रियों से अधिक प्रभावी ढंग से अलग करने और उन्हें लैंडफ़िल से दूर भेजने में मदद करते हैं।

**हमारे टीम कार्य के परिणाम स्वरूप अतिरिक्त 71 मिलियन एलुमिनम कैन हर साल पुनर्चक्रित होंगे, जिसके परिणाम स्वरूप यू.एस पुनर्चक्रण प्रणाली को $1.15 मिलियन से अधिक राजस्व प्राप्त होगा। इसे परिपेक्ष्य में रखने के लिए: उन परिणामों से होने वाली ऊर्जा की बचत एक घंटे के लिए 28 मिलियन से अधिक अमरिकी घरों को बिजली प्रदान कर सकती है।**

## नये पुनर्चक्रण लक्ष्यों की स्थापना

**हम ने हाल ही में वैश्विक पुनर्चक्रण लक्ष्य लॉन्च किए हैं** जिनका उद्देश्य उद्योग को उच्चतम प्रासिलायक पुनर्चक्रण दरों की ओर चालित करना है, और साथ ही हमारे पुनर्चक्रित सामग्री औसत और पुनर्चक्रण दरों को बढ़ाना भी है। **हमारी नज़र अब इन पर है:**

### एशिया पैसिफिक

हम जिनमें काम करते हैं उन **तीन प्रमुख बाज़ारों में देश-व्यापी पुनर्चक्रण दर** स्थापित करने के लिए उद्योग के साझीदारों के साथ काम करना: कम्बोडिया, थाइलैंड और वियतनाम।
**2025 के अंत तक 2030 के पुनर्चक्रण लक्ष्यों को स्थापित करना।**

### अमेरिका

- यू.एस.: हमारे उद्योग साझीदारों के संरेखण में यह हासिल करने का प्रयास करना: **2030 तक 70%, 2040 तक 80% और 2050 तक 90%.**
- मैक्सिको: **2030 में भी >90% बनाए रखना जारी रखना।** उद्योग के साझीदारों के साथ मिलकर एक देश-व्यापी पुनर्चक्रण दर स्थापित करने के लिए काम करना।
- ब्राज़ील: **2030 में भी >97% बनाए रखना जारी रखना।**

### EMEA

Crown पूरे EMEA क्षेत्र में **औद्योगिक साझीदारों के साथ काम करके** हम जिन देशों में प्रचालन करते हैं उनमें **80% पुनर्चक्रण दर** प्राप्त करने के लिए कोशिश करेगा।




**हमारे समुदायों के बच्चों की मदद करना**

फ्लोरेन्स, केनटकी स्थित नॉर्दर्न केनटकी चिल्ड्रन्स एडवोकसी सेन्टर, जो कि दुर्व्यवहार के शिकार बच्चों और परिवारों के लिए रोकथाम, मूल्यांकन और उपचार पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, को दान ने एक अतिमहत्वपूर्ण कम्प्यूटर सिस्टम अपग्रेड को संभव बनाया। परिणाम स्वरूप संस्थान **डिजिटल रिकॉर्ड के लिए अधिक सटीकता बनाए रख पाएगा और बच्चों के लिए अधिक प्रभावी उपचार को संभव बनाएगा।**

**हमारे सर्विस एनिमल्स की सहायता करना**

मेडफर्ड, न्यू यॉर्क में केनाइन कम्पेनियन्स फॉर इंडिपेन्डनस, जो बच्चों और पूर्व सैनिकों सहित दिव्यांग व्यक्तियों को सर्विस डॉग प्रदान करता है, के लिए एक नई मिनिवान की खरीदारी सर्विस डॉग्स को प्रशिक्षण, आकलनों और सेवाओं का परिवहन संभव बनाएगी। इस वाहन से संस्थान **स्थानीय दिव्यांगता संबंधी अगवतता और समावेशीता को बेहतर बनाना** जारी रखने के लिए बेहतर सुसज्जित होगा।

**हमारे पड़ोसियों का पोषण करना**


कोनरो, टैक्सस में मोन्टगोमरी काउंटी फूड बैंक को प्रदान की हुई निधि ने उसके वेयरहाउस में एलईडी लाइटें लगाना संभव बनाया जिससे कार्यक्षमता बढ़ी और बिजली से जुड़ा खर्च घटा। उपकरण बदलने से उत्पन्न लागत की बचत से संस्थान स्थानीय परिवारों को **साल में 60,000 से ज्यादा अतिरिक्त भोजन उपलब्ध करा पाएगा।**

**अनुकूलतम परिसंचरण**

**पुनर्चक्रण तथ्य 1:**

## स्पीड-रेसर रसिाइकलर्स

क्या आप जानते हैं कि जब एल्यूमिनियम के कैन को सही तरह से पुनर्चक्रित किया जाए, तो उनकी **कूड़े दान से रीटेल शेल्फ पर वापसी की यात्रा में केवल 60 दिन लग सकते हैं?**



इस प्रकार के परिवर्तन की संभावना और छोटी टर्नअराउंड अवधि के साथ, धातु निस्संदेह **परिसंचरणीय अर्थव्यवस्था का आदर्श उदाहरण है।**

**पुनर्चक्रण तथ्य 2:**

## सिस्टम समर्थक

इसे मन में उतारें: उपयोग किए हुए बेवरेज कैन (UBCs) **पुनर्चक्रण कार्य में सबसे मूल्यवान पैकेजिंग प्रारूप है।**



इसके अलावा, अधिकतर सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाएं UBC जो राजस्व प्रदान करते हैं उनके बिना प्रचालन नहीं कर पाएंगी—अर्थात **धातु वास्तव में अन्य सामग्रियों के पुनर्चक्रण का निधियन करती है** और लैंडफ़िल में कचरे को कम करने में मदद करती है।

## प्रश्न और सुझाव

कोई नया संधारणीयता संबंधी खयाल चमका है?

ऐसे प्रोजेक्ट या ऐसी पहल पर काम कर रहे/रही हैं जिसे आप अपने वैश्विक सहकर्मियों से साझा करना चाहेंगे/चाहेंगी?

**अपने प्रश्न और कहानियाँ इन्हें भेजें**
sustainability@crowncork.com

Twentyby30
Accelerating Sustainability